# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज हरियाणा के रोहतक में ब्रह्मलीन महंत श्री चाँदनाथ योगी जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और देशमेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

## महंत श्री चाँदनाथ योगी जी का मानना था कि देशहित के असंभव दिखने वाले कार्यों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं

## प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में योग और आयुर्वेद की भारतीय धरोहर को लोकप्रिय बनाकर आगे बढ़ाया

## प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश में इस प्रकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है कि जब देश आज़ादी की शताब्दी मनाएगा, तब हर क्षेत्र की तरह खेलों में भी भारत दुनिया में सर्वप्रथम होगा

## एशियाई खेलों में आज़ादी के बाद पहली बार भारत के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक पदक जीतने का सम्मान दिलाया है, यह पूरे देश और खासकर हरियाणा के लिये बहुत ही गर्व और आनंद की बात है

## नाथ संप्रदाय का स्थान हमारे हिंदू संप्रदायों में अद्वितीय रहा है, यह मान्यता है कि नाथ संप्रदाय की शुरूआत स्वयं भगवान शिवजी ने की थी

## नाथ संप्रदाय के 9 नाथों की परंपरा में बाबा मस्तनाथ से लेकर अब बाबा बालकनाथ जी तक कई संतों ने समाज सेवा के अनेक आयाम गढ़ने का काम किया है, इसलिए आज इस मठ के प्रति पूरे पंथ में श्रद्धा का भाव है

## मठ ने आरोग्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण संस्थान बना कर अपना योगदान दिया है

प्रविष्टि तिथि: 11 OCT 2023 7:11PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज हरियाणा के रोहतक में ब्रह्मलीन महंत श्री चाँदनाथ योगी जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और देशमेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि आज महंत चाँदनाथ जी की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर देशभर से कई संत श्रद्धांजलि देने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि महंत श्री चाँदनाथ योगी जी का मानना था कि देशहित के असंभव दिखने वाले कार्यों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत अनेकानेक संप्रदायों की भूमि है और सदियों से यहां ऋषि मुनियोंने तपस्या कर सृष्टि के अनेक रहस्यों को उजागर किया है।उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय का स्थान हमारे हिंदू संप्रदायों में अद्वितीय रहा है। ऐसा माना जाता है कि नाथ संप्रदाय की शुरूआत स्वयं भगवान शिव ने की थी। श्री शाह ने कहा कि नाथ संप्रदाय के 9 नाथों की परंपरा में बाबा मस्तनाथ से लेकर अब बाबा बालकनाथ जी तक कई संतों ने समाज सेवा के अनेक आयाम गढ़ने का काम किया है, इसलिए आज इस मठ के प्रति पूरे पंथ में श्रद्धा का भाव है। उन्होंने कहा कि इस मठ ने आरोग्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण संस्थान बनाकर एक प्रकार से एक यज्ञ शुरू किया। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में भी इस मठ ने आगे बढ़कर अविरत रूप से सेवा का एक यज्ञ शुरू किया था। उन्होंने कहा कि यहां आठवीं शताब्दी से सेवा की परंपरा चली आ रही है और अब बालकनाथ जी इसे आगे बढ़ा रहे हैं।



श्री अमित शाह ने कहा कि एशियाई खेलों में आज़ादी के बाद पहली बार भारत के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक पदक जीतने का सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश और खासकर हरियाणा के लिये बहुत ही गर्व और आनंद की बात है। चाहे टोक्यो ओलंपिक हो, पैरालिंपिक हो, कॉमनवेल्थ खेल हों या फिर विश्व चैंपियनशिप प्रतियोगिताएं हों, 2014 के बाद से हर प्रतियोगिता में भारत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन में प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने खेलों के लिए गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाओं की खोज, उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था, उनके वित्त और शारीरिक पोषण की चिंताऔर पारदर्शी तरीके से खिलाड़ियों का चयन जैसे अनेक कदम उठाए हैं। इसके अलावा मोदी जी द्वारा शुरू किए गए खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम एक प्रकार से गेम चेंजर साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में इस प्रकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है कि देश जब आज़ादी की शताब्दी मनाएगा, तब हर क्षेत्र की तरह खेलों में भी भारत दुनिया में सर्वप्रथम होगा।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हाल ही में भारत में आयोजित जी20 सम्मेलन के दौरान दिल्ली घोषणापत्र सबके सामने रखा जिसे पूरी दुनिया ने सर्वसम्मति से पारित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो आने वाले समय में देश के अर्थतंत्र को गति देने वाले सिद्ध होंगे। श्री शाह ने कहा कि विगत 9 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की कई सांस्कृतिक धरोहरों का पुनर्द्धार करने का काम किया है।वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का भूमिपूजन किया और वर्ष 2024 में हम सब वहां एक भव्य मंदिर में रामलला को विराजमान होते देख सकेंगे।



श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाने, उज्जैन में महाकाल कॉरीडोर बनाने, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का पुनर्रूद्धार करने, करतारपुर कॉरीडोर बनाने और कश्मीर में शारदापीठ की पुनर्स्थापना करने का काम पिछले 9 सालों में किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल एक

प्रकार से भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के 9 वर्ष रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया के सामने योग और आयुर्वेद की भारतीय धरोहर को लोकप्रिय बनाकर आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही काशी तमिल संगमम, काशी तेलुगू संगमम और काशी सौराष्ट्र संगमम के माध्यम से दक्षिण और उत्तर को जोड़ने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में पूरे विधि विधान के साथ चोल साम्राज्य के प्रतीक धर्म दंड सेंगोल को प्रस्थापित करने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया, जिससे पूरे देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आंदोलन को नई गति और चेतना मिली है।

*****

**आरके / आरआर**

(रिलीज़ आईडी: 1966797) आगंतुक पटल : 236

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Manipuri , Tamil